Removal of Subsidy from Prices of Milk

4061. SHRI KRISHAN KUMAR BIRLA : WiU the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether the milk prices in the country are likely to increase alarmingly due to removal of subsidies following the new GATT rules ;

(b) if so, the facts and details thereof;

(c) whether Government are presently giving subsidy on milk;

(d) if so, the details thereof; and

(e) the steps Government propose to take to increase milk production in the country and to check its price rise ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ARVIND NETAM) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) No, Sir. Government of India is not giving any subsidy on milk.

(d) Does not arise.

(e) The steps proposed to be taken to increase milk production include strengthening of infrastructure and effective and efficient delivery of inputs for enhancement of milk production. The issue of pricing of milk concerns the State Governments.

महाराष्ट्र में भूकंप के झटके

4062. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिंदे** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र के सतारा जिला में हाल में भूकम्प के झटके महसूस किये गये थे;

(ख) यदि हां, तो उक्त झटकों की तीव्रता क्या थी;

(ग) इस भूकम्प के कारण हुई हानि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस क्षेत्र के भूकम्प पीड़ित लोगों को सरकार द्वारा क्या सहायता दी गयी है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम) : (क) और (ख) महाराष्ट्र सरकार से मिली जानकारी के अनुसार अगस्त, 1993 से फरवरी 1994 के बीच सतारा जिले में भूकम्प के कुछ झटके महसूस किये गये थे। जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.6 से 4.7 के बीच मापी गई थी।

(ग) इससे हुई क्षति की सीमा निम्नवत है :—

मृत व्यक्तियों की संख्या	1
घायल व्यक्तियों की संख्या	24
क्षतिग्रस्त मकानों की संख्या	10884
सार्वजनिक सम्पत्ति को क्षति	
(क) पक्की पुलियां	55
(ख) छोटे पुल	23
(ग) स्कूलों के भवन	456
(घ) धार्मिक स्थल	49
(ङ) अन्य भवन	46
(च) अस्पताल	1
(छ) जल आपूर्ति योजनायें	56

(घ) महाराष्ट्र सरकार ने भूकम्प के इन झटकों से पीड़ित व्यक्तियों को सहायता दी है जिसका ब्यौरा नीचे दिया है :—

(1) मुख्य मंत्री के राहत कोष से मृत व्यक्तियों के सम्बन्धियों को 5,000 रुपये दिये गये। 20,000 रुपये की और राशि का भुगतान किया जा रहा है।

(2) घायल व्यक्तियों को चिकित्सा सहायता दी गई थी।

(3) भूकम्प से प्रभावित 2115 व्यक्तियों को 13,90,955 रुपये के समतुल्य वित्तीय सहायता तथा 5,53,075 रुपये के समतुल्य ऋण दिये गये थे।

(4) क्षतिग्रस्त सार्वजनिक तथा निजी सम्पत्ति के मरम्मत, पुनर्निर्माण तथा बाद की मरम्मत के लिये भूकम्प पुनर्वास योजना को अन्तिम रूप दिया जा रहा है।

महाराष्ट्र में भूकम्प के झटकों का बार-बार आना

4063. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिंदे** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र में औरंगाबाद से सतारा तक कई स्थानों पर बार-बार भूकम्प के झटके महसूस किए जा रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस संबंध में कोई अध्ययन किया है;

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (ख) का उत्तर "हां" में हो, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।